54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्ष: 54/अंक : 225 शनिवार, 15 अगस्त 2026 श्रावण, शुक्ल पक्ष तृतीया सम्वत् 2083 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ : 12










54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

15th AUGUST

वर्षः 54/अंक : 225 शनिवार, 15 अगस्त 2026 श्रावण, शुक्ल पक्ष तृतीया सम्वत् 2083 मूल्य 3 रुपये पृष्ठ : 2

# तिरंगी आभा के साथ देश भक्ति के जज्बे में रंगा शहर

## ▶▶ रोशनी में नहाए स्मारक तथा सरकारी व गैर सरकारी संस्थान ▶▶ लाउड स्पीकर पर गूंजते देश भक्ति के गीतों ने लुभाया

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** स्वाधीनता दिवस पर पूरा शहर और जनपद तिरंगे की शान में सलामी देता नजर आया। नगर में तमाम स्थानों पर तिरंगा यात्राओं के बीच तमाम स्मारकों पर तिरंगी लाइटों की सज्जा के साथ राष्ट्रभक्ति की धुन बजाते लाउडस्पीकरों की ध्वनि देश भक्ति का जज्बा पैदा करती दिखाई दी। तमाम युवा खासतौर से बच्चे तिरंगे के साथ इस पर्व के लिए खासतौर से तैयार तिरंगे रंग में रंगी सामग्री को लेकर ललचाते दिखे।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज पूरा नगर देश भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। वैसे तो आज सुबह से ही तमाम आयोजनों का दौर जारी था। इसके तहत विभजन विभिषिका दिवस पर बंटवारे के दौरान हिंसा में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजली दी गई और अपना घर बार छोड़कर आने वालों के सामने आई दुख तकलीफों का स्मरण कर उनके साहस को नमन किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के आह्वान पर घर-घर तिरंगा अभियान के तहत तमाम जगह तिरंगा ध्वज लहराता नजर आया। आज भी तिरंगे बांटने का अभियान जारी रहा। लोगों ने आज ही अपने घरों पर तिरंगे झंडे लहराकर देश भक्ति के सुरों में सुर मिलाए। नगर में आज शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि के साथ स्वाधीनता सेनानियों के स्मारकों पर खास सज्जा की गई। तिरंगी झालरों से सजाई गई झांसी की रानी, पालिका में नेता जी सुभाष चंद्र बोस व चौधर चरण सिंह की प्रतिमा, मालवीय चौक, शहीद बचन सिंह व मेजर आसाराम त्यागी की प्रतिमा, लाला लाजपत राय की प्रतिमा, महावीर चौक समेत तमाम स्थानों पर सुंदर सज्जा की गई थी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों से गूंजती राष्ट्रभक्ति के गीतों की स्वर लहरियां लोगों में देश प्रेम का जज्बा भरती नजर आईं। सरकारी भवनों की विशेष सज्जा के साथ बाजार में निजी वाणिज्यिक संस्थान और दुकानें भी देश भक्ति के सुरों में सुर मिलाते हुए तिरंगी सज्जा में सजी दिखाई दीं। तिरंगे गुब्बारों, झंडियों, पतंगों व अन्य सजावटी सामग्री की साथ तिरंगी झालरों से नगर के व्यापारिक संस्थान देश के प्रति समर्पण का संदेश देते नजर आए। तमाम शिक्षण संस्थानों व सामाजिक संगठनों द्वारा इस मौके पर देश भक्ति से पूर्ण आयोजन किए गए। ऐसे में बच्चों और युवाओं में देश प्रेम का उत्साह खास तौर से दिखाई दिया।

### तिरंगे ध्वज से लेकर तमाम सज्जा सामग्री की रही मांग

मुजफ्फरनगर स्वतंत्रता दिवस पर शिवचौक, झांसी रानी, टाउन हाल, शामली रोड, नई मंडी और गांधी कॉलोनी समेत तमाम बाजारों में छोटे-बड़े तिरंगे, हैंड फ्लैग, बैज, विंड चेन, स्टिकर और सजावटी सामान की दुकानें सजी नजर आईं। लोग घर, दुकान और वाहनों को सजाने के लिए अपनी पसंद के सामान खरीदते नजर आए। दुकानदारों ने भी अलग-अलग डिजाइन और रेंज के उत्पाद सजाए हैं। बाजारों में तिरंगे और ट्राईकलर थीम वाले सामान की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ पहुंची। युवाओं और बच्चों को यह वस्तुएं लुभाती रहीं। शहर के बाजारों में छोटे-बड़े तिरंगे, तिरंगे वाले बैज, कैप, विंड चेन, हैंड फ्लैग, स्टिकर और सजावटी सामान की जमकर खरीदारी की गई। बच्चों में तिरंगे वाले कुर्ते, टी-शर्ट, चूड़ियां, हेयर बैंड और अन्य एक्सेसरीज का खास क्रेज नजर आया। अभिभावक बच्चों के लिए इनकी खरीदारी करते दिखे। युवा बैज, रिस्ट बैंड और ट्राईकलर थीम वाले सामान पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगे से जुड़े सामान की मांग बढ़ गई। पिछले कुछ दिनों में देशभक्ति से जुड़े सामान की मांग लगातार बढ़ी है। छोटे तिरंगे, बैज, बच्चों के कपड़े और सजावटी वस्तुओं की बिक्री सबसे ज्यादा हुई। बाजारों में अलग-अलग आकार और डिजाइन के तिरंगे उपलब्ध रहे। छोटे झंडों की कीमत 10 रुपए से शुरू हो रही है। वहीं बच्चों और युवाओं के लिए तिरंगे वाले कुर्ते भी खूब पसंद किए जा रहे हैं, जिनकी कीमत करीब सौ से चार सौ रुपए तक है। विंड चेन 100 रुपए, तिरंगा बैज 30 रुपए और तिरंगा स्टिकर 20 रुपए में मिल रहा है। वाहनों पर लगाने के लिए तिरंगे ध्वज भी खूब खरीदे गए।





# खाकी की तिरंगा यात्रा में दिखा देशप्रेम का जज्बा

## ▶▶ देभक्ति के गीतों पर जमकर झूमे एसएसपी व अन्य अधिकारी ▶▶ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने देश भक्ति गीत गाकर भरा जवानों में जुनून ▶▶ मार्ग में तमाम स्थानों पर हुआ पुलिस यात्रा का स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहर में पुलिस की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा में खाकी देशभक्ति के रंग में डूबकर नाचती गाती नजर आई। रिजर्व पुलिस लाइन्स से शाम करीब 5 बजे शुरू हुई यात्रा करीब 3 किलोमीटर चलते हुए विभिन्न मार्गों से होकर खालापार थाने पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान रास्ते में तिरंगे लहराते रहे और देशभक्ति गीतों के बीच शहर का माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने किया। उनके साथ एसपी सिटी अमृत जैन, एसपी देहात महादिक अक्षय संजय, सभी सीओ, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। पुलिस कर्मियों के अलावा बच्चों और आम नागरिकों ने भी यात्रा में उत्साह के साथ भाग लिया।

### एसएसपी ने ऐसा देश है मेरा गीत गाकर बांधा समां

**मुजफ्फरनगर।** तिरंगा यात्रा के दौरान उस समय माहौल और भी खास हो गया, जब एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने खुद ऐसा देश है मेरा गीत गाकर लोगों में जोश भर दिया। SSP को देशभक्ति गीत गाते देख यात्रा में शामिल पुलिस अधिकारी और जवान भी उत्साहित नजर आए। डीजे पर ये देश है वीर जवानों का समेत कई देशभक्ति गीत बजते रहे। इन गीतों पर पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ बच्चों एवं आम नागरिकों ने भी जमकर उत्साह दिखाया। कई स्थानों पर लोग तिरंगा हाथ में लेकर देशभक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।






### लोगों ने किया खाकी के जज्बे को प्रणाम

**मुजफ्फरनगर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स से शुरू हुई तिरंगा यात्रा जहां से भी गुजरी लोगों ने खाकी के देश भक्ति के जज्बे को प्रणाम किया। यह यात्रा मालवीय चौक, झांसी की रानी, शिव चौक, मीनाक्षी चौक और फक्कर शाह चौक से होते हुए शहर के खालापार पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान करीब तीन किलोमीटर लंबे रास्ते में तिरंगे लहराते दिखाई दिए। पुलिसकर्मियों के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज और देशभक्ति गीतों से माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा रहा। रास्ते एवं चौराहों पर विभिन्न सामाजिक और व्यापारी संगठनों ने भी पुलिस की तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर यात्रा में शामिल पुलिस अधिकारियों और जवानों पर पुष्पवर्षा की गई। लोगों ने तिरंगा यात्रा का उत्साह के साथ स्वागत किया।

# कोर्ट के आदेश की अनदेखी पर फुगाना थाना प्रभारी तलब

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-3 रवि कुमार दिवाकर ने अपहरण एवं हत्या जैसे गंभीर मामले में न्यायालय के आदेशों को लेकर लापरवाही बरतने पर फुगाना थाना प्रभारी दीपक चौधरी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया थाना प्रभारी के न्यायिक कार्यों के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैये पर नाराजगी जताते हुए पूछा है कि उनके विरुद्ध पुलिस एक्ट, 1861 की धारा 29 के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए। सूत्रों के अनुसार सरकार बनाम शकील आदि मामले में 14 अगस्त 2026 को जारी आदेश में न्यायालय ने कहा कि पूर्व में जारी आदेशों के बावजूद गवाहों और न्यायालयी प्रक्रिया के अनुपालन में

**अपहरण-हत्या के मुकदमे में एडीजे कोर्ट ने 24 अगस्त को गवाहों की पेशी के आदेश दिए**

अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई। पैरोकारी कर रहे पुलिसकर्मी राजकुमार ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने केवल कोर्ट कॉपी/प्रोसेस तैयार किया था। संबंधित प्रक्रिया को तामील कराने और पूर्व आदेश का अध्ययन करने की बात सामने नहीं आई। न्यायालय ने अपने 3 अगस्त 2026 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि गवाह डॉ. कृष्ण कुमार और डॉ. सतेंद्र कुमार को जरिये समन तलब किया गया था। इसके अलावा गवाह सीसी अमित, एसआई जितेंद्र सिंह, एसआई सुदेश कुमार और एसआई जोगेंद्र सिंह को जरिये एनबीडब्ल्यू तलब किया गया था। न्यायालय ने इस मामले को अपहरण एवं हत्या जैसा गंभीर प्रकरण बताते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा भी ऐसे मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए हैं। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि फुगाना थाना प्रभारी न्यायिक कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं और उनके स्तर से पैरोकारी के प्रोसेस रजिस्टर का नियमित रूप से पर्यवेक्षण भी नहीं किया जा रहा है। पुलिस पैरोकारी की लापरवाही के कारण मुकदमों के विवरण में देरी होती है। आदेश में कहा गया कि कई बार न्यायालय में पैरवी करने वाले पुलिसकर्मियों को थाने में ऐसे पुलिसकर्मियों से नियुक्त किया जाता है, जिनके पास थाने में कोई विशेष काम नहीं होता और उनकी रुचि भी किसी कार्य में नहीं होती। न्यायालय ने आदेश दिया कि डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सतेंद्र कुमार सहित सीसी अमित, एसआई जितेंद्र सिंह, एसआई सुदेश कुमार और एसआई जोगेंद्र सिंह को 24 अगस्त 2026 को साक्ष्य के लिए तलब किया जाए। संबंधित थाना प्रभारी को भी अपने आचरण और न्यायिक कार्यों के प्रति कथित लापरवाही के संबंध में कारण स्पष्ट करने को कहा गया है। न्यायालय ने थाना प्रभारी से पूछा है कि कर्तव्य में लापरवाही बरतने के लिए उनके विरुद्ध पुलिस एक्ट, 1861 की धारा 29 के तहत मुकदमा दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। नोटिस की प्रति संबंधित को तत्काल भेजने के साथ ही आदेश की एक प्रति अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, मेरठ को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजने के निर्देश दिए गए हैं।




### रोहाना में ट्यूबवेल पर मिला अज्ञात शव, ग्रामीणों में हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर-सहारनपुर स्टेट हाईवे पर स्थित गांव मलीरा के जंगल में शुक्रवार सुबह एक ट्यूबवेल के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही रोहाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मलीरा निवासी मोहित त्यागी के अनुसार, सुबह गांव की



एक महिला खेतों में घास काटने गई थी। इसी दौरान उसने ट्यूबवेल के पास शव पड़ा देखा। महिला ने तुरंत गांव पहुंचकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। रोहाना चौकी प्रभारी मोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की और मृतक की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। व्यक्ति की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह भी स्पष्ट नहीं है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# शामली में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम में भीषण आग : 60-70 स्कूटियां जलकर राख

**शामली, 14 अगस्त (एजेंसी)।** आदर्श मंडी थाना क्षेत्र की चौधरी चरण सिंह कॉलोनी में शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि शोरूम में खड़ी करीब 60 से 70 स्कूटियां जलकर राख हो गईं। आग की तपिश से आसपास के कुछ मकानों की दीवारों में दरारें आने की भी सूचना है। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

चौधरी चरण सिंह कॉलोनी स्थित वरदान शोरूम में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। इसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। स्थानीय सभासद बॉबी निर्वाल ने बताया कि शुरूआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट सामने आ रही है। उन्होंने बताया कि शोरूम में खड़ी करीब 60 से 70 इलेक्ट्रॉनिक स्कूटियां आग में जल गईं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक करीब 15 से 20 लाख रुपए के नुकसान की बात सामने आ रही है। आग की लपटें और तपिश इतनी तेज थी कि इसका असर शोरूम के आसपास स्थित मकानों तक पहुंचा। कुछ मकानों की दीवारों में दरारें आने की सूचना है। आग और धुएं के कारण आसपास के इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। दमकल कर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात रही कि हादसे में किसी व्यक्ति के झुलसने या जान जाने की सूचना नहीं है। फिलहाल दमकल विभाग और संबंधित अधिकारी आग लगने के वास्तविक कारण और नुकसान का आकलन कर रहे हैं।



### शामली में 8 स्कूली वाहन जब्त:परिवहन विभाग ने सुरक्षा मानकों पर की कार्रवाई

**शामली, 14 अगस्त (एजेंसी)।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। 'मिशन सेफ फ्यूचर 2.0' के तहत चलाए गए अभियान में आठ स्कूली वाहनों को जब्त किया गया, जो सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे। यह अभियान जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से चलाया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी और यात्री कर अधिकारी ने जनपद पुलिस के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर स्कूली वाहनों की गहन जांच की। जांच के दौरान होली हेवन, गुरु वशिष्ठ, मिशन इंटरनेशनल, बलवंती बालिका इंटर कॉलेज और जय हिंद पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों से जुड़े वाहनों के दस्तावेजों की पड़ताल की गई। इस दौरान कई वाहनों के परमिट, फिटनेस और बीमा जैसे आवश्यक प्रपत्र वैध नहीं पाए गए।



54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

15th AUGUST

वर्षः 54/अंक : 225 | शनिवार, 15 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष तृतीया | सम्वत् 2083 | मूल्य 3 रुपये



स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**आज बुलेटिन 12 पृष्ठों का**

मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, समाचार पत्र वितरकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। शनिवार को आपके पास पहुंचने वाला मुजफ्फरनगर बुलेटिन 12 पृष्ठों का है।

**अवकाश सूचना**

स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को बुलेटिन का अवकाश रहेगा। इसके चलते अगला अंक एक दिन बाद यानि सोमवार को आपकी सुबह की चाय पर पहुंचेगा।

**-व्यवस्थापक**








## जी.डी. गोयनका स्कूल विद्यार्थियों ने देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** जी.डी. गोयनका स्कूल में प्री-प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस अत्यंत देशभक्ति, उत्साह और गर्व के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मधुर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर सभी के हृदय में देशप्रेम की भावना जागृत की। बच्चों ने ऊर्जावान एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें भारत की संस्कृति, एकता और गौरव की झलक दिखाई दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक भूमिका-निभाने प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित सभी को भाव-विभोर कर दिया। पूरे समारोह में बच्चों ने स्वतंत्रता, त्याग, एकता और राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता का संदेश दिया। उनकी आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों ने यह दर्शाया कि नई पीढ़ी अपने देश के इतिहास और महान बलिदानों को समझ रही है तथा उनसे प्रेरणा ले रही है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे राष्ट्रीय पर्व बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन, एकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं तथा उन्हें एक सजग और आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

# कोतवाली पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

## – जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल, 30 किलो एल्युमिनियम तार के साथ गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** कोतवाली नगर पुलिस ने शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे मुठभेड़ के दौरान एक शातिर चोर को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, ग्राम सादपुर रजवाहे के पास चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की प्लेटिना बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही आरोपी बाइक मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने आरोपी का पीछा किया तो वह बाइक लेकर कच्चे रास्ते की ओर भागा। तेज रफ्तार के कारण बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस का दावा है कि खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई, लेकिन वह लगातार फायरिंग करता रहा। पुलिस के अनुसार, आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहरुख उर्फ बावला पुत्र तरीकत, निवासी मैनापुट्ठी, थाना सरूरपुर, मेरठ के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 30 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की प्लेटिना बाइक और करीब 30 किलो एल्युमिनियम तार मय कोइल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, बरामद एल्युमिनियम तार और कोइल कोतवाली नगर में दर्ज बिजली चोरी के दो मामलों से संबंधित हैं। इन मामलों में विद्युत अधिनियम की धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर दोनों मामलों के अनावरण का दावा किया है। पुलिस के अनुसार शाहरुख उर्फ बावला का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ मेरठ और मुजफ्फरनगर समेत विभिन्न थानों में करीब 38 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और विद्युत अधिनियम से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस ने उसे थाना सरूरपुर, मेरठ का हिस्ट्रीशीटर भी बताया है।



## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर खिलाई दवाई



**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों की पूर्व अनुमति से एल्बेंडाजोल की गोली वितरित की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हैड मिस्ट्रेस, जूनियर विंग ममता चौहान व एडमिशन इंचार्ज कंचन सोनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल दवा के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि यह दवा पेट के कीड़ों से बचाव करती है, पोषण में सुधार लाती है और बच्चों के शारीरिक विकास में सहायक होती है। साथ ही स्वच्छता, साफ पानी और नियमित हाथ धोने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति विद्यालय निरंतर जागरूकता अभियान चलाता रहेगा।












### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **SEEDA** से बदलकर **RASHEED AHMAD** रख लिया है। भविष्य में मुझे **RASHEED AHMAD** के नाम से ही पहचाना व जाना जाये।

**RASHEED AHMAD**
505-खालापार, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश)
**M. : 9837082686**

### Name Change

I, PARAS S/o Deepak Kumar, R/o H.No. 99/1, North Gandhi Colony, District- Muzaffarnagar (U.P.), have changed my name to Paras Hasija.

**PARAS HASIJA**
**S/O DEEPAK KUMAR**
R/o H.No. 99/1, North Gandhi Colony, Muzaffarnagar (U.P.)

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या-12150 दिनांक 17-10-2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम **मौ. शाहयान** है। पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**हारुन**
निवासी-149/15/16, दक्षिणी खालापार, मुजफ्फरनगर
मो. 8868989692


## बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया



**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** उप्र उद्योग व्यापार संगठन (रजि.) द्वारा मु. बुलेटिन के कर्मठ, जुझारू कर्मचारियों व व्यापारियों की आवाज बुलंद करने वाले अंकुर दुआ का फूल-मालाओं से भेंट कर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सरदार बलविन्दर सिंह, राकेश त्यागी, आनन्द गुप्ता, तरुण मित्तल, कुलदीप मित्तल, संदीप मित्तल ने उन्हें कांवड़ियों की यात्रा से स्वयं निरीक्षण कर प्रशासन को अवगत करवाया तथा कांवड़ियों का आवागमन सफल बनाने में अपनी मुख्य भूमिका निभाई तथा उनका मुँह मीठा करवाया। जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा जब-जब व्यापारियों पर संकट आया है, अपनी आवाज बुलंद कर आप सदैव व्यापारियों के साथ खड़े रहते हैं। उप्र उद्योग व्यापार संगठन सदैव आपके संघर्ष में आपके साथ रहेगा।







संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्ष: 54/अंक : 225 शनिवार, 15 अगस्त 2026 श्रावण, शुक्ल पक्ष तृतीया सम्वत् 2083 मूल्य 3 रुपये 












## मौलवी पर भड़के योगी, पूछा-गाय को पशु क्यों कहा?:बोला-साहब गलती हो गई; अयोध्या में सीएम ने सुनाई कहानी

**अयोध्या, 14 अगस्त (एजेंसी)।** सीएम योगी शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन किए।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में गाय और मौलवी की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा, बीते दिनों आपने देखा होगा कि मौलवी ज्ञापन देने आ रहे थे। मेरे पास भी ज्ञापन पहुंचा। उसमें था कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। मैं भौचक्का था। मैंने कहा कि पशु तो ज्ञापन देने वाला व्यक्ति है, उसकी बुद्धि पशुओं जैसी है। अरे, गाय हमारी माता है। वह सनातन धर्म की माता है—'गावो विश्वस्य मातरः' यानी गाय संपूर्ण विश्व की माता है। मैंने उन मौलवियों में से कुछ को फोन किया। मैंने कहा- आपने गाय को पशु क्यों कहा? और यही पशु शब्द मैं तुम्हारे लिए उपयोग करूं, तो तुम्हें कैसा लगेगा? उन्होंने कहा मैंने मौलवी से कहा- तुम सिखाओगे हमें कि कैसे पूजा करनी है? यह उपदेश अपने कौम के अंदर देते कि गौ तस्करी और गौ हत्या करना बंद कर देते, तो कम से कम हमारी जो पुलिस वहां लगी है, उसको हम कुछ दूसरी जगह लगा देते। हमारा तो कोई संस्कार गौ-माता के बगैर होता ही नहीं है। मैं खुद अपने आश्रम में गौ-पालन करता हूं और मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश में लगभग 16 लाख गायों की देखभाल गौशालाओं के माध्यम से कराई जा रही है।

## विक्की त्यागी के बेटे रक्षित की जमानत अर्जी खारिज

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** गैंगस्टर कोर्ट ने कुख्यात गैंगस्टर विक्की त्यागी के बेटे रक्षित उर्फ अक्ष त्यागी के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई को लेकर लगाई गई जमानत अर्जी खारिज कर दी है। कुख्यात विक्की त्यागी गैंग के बेटे रक्षित त्यागी समेत छह लोगों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया था। गिरोह पर आरोप था कि वह इंदौर से अवैध हथियार मंगाकर पश्चिमी यूपी और उत्तराखंड में तस्करी करता था। पुलिस ने कुख्यात अपराधी विक्रांत उर्फ विक्की त्यागी के बेटे रक्षित त्यागी समेत कुल छह आरोपियों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायालय में पेशी के बाद अदालत ने तीन आरोपियों को 60 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। इस नेटवर्क का खुलासा गत दो मार्च की रात को हुआ था। सिविल लाइंस पुलिस टीम ने संधावली अंडरपास के निकट एक संदिग्ध टाटा नेक्सन कार को रोककर जब तलाशी ली गई, तो वाहन से 4 पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस और 2 तमंचे बरामद हुए। पुलिस ने मौके से रक्षित त्यागी (निवासी पावटी खुर्द, चरथावल) और उसके साथी ऋतिक त्यागी को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के बाद दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया था, और रक्षित त्यागी की जमानत अर्जी स्थानीय अदालत से पहले ही खारिज हो चुकी थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि इस अंतरराज्यीय गिरोह का सरगना रक्षित त्यागी था,



जो पिछले करीब पांच वर्षों से मध्य प्रदेश के इंदौर से अवैध हथियार लाकर मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, मेरठ, बागपत, हरिद्वार और रुड़की जैसे क्षेत्रों में अपराधियों तक पहुंचाता था। गिरोह के सदस्य आर्थिक लाभ कमाने के लिए पूरी योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे थे। गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के बाद रक्षित त्यागी ने जमानत के लिए अर्जी दी थी। शासकीय अधिवक्ता दिनेश पुंडीर ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या-5) एवं विशेष गैंगेस्टर न्यायाधीश काशिफ शेख की अदालत में मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत प्रस्तुत जमानत प्रार्थनापत्र को निरस्त कर दिया।

## लाल किले पर कड़ी सुरक्षा के बीच मोदी फहराएंगे तिरंगा

**नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर राजधानी दिल्ली, विशेषकर ऐतिहासिक लाल किले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है। किसी भी संभावित खतरे से निपटने और समारोह को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने एक व्यापक 'बहुस्तरीय एंटी-टेरर रिस्पॉन्स प्लान' (आतंकवाद विरोधी



प्रतिक्रिया योजना) लागू किया है। शुक्रवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सुरक्षा तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि लाल किले और उसके आसपास के इलाके को पूरी तरह से अभेद्य बना दिया गया है। निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए 1,000 से अधिक उच्च-तकनीकी वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वीडियो एनालिटिक्स तकनीक से लैस हैं। इनकी मदद से भीड़ में किसी भी संदिग्ध गतिविधि, लावारिस वस्तु या व्यक्ति की तुरंत पहचान की जा सकेगी, जिससे पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

## ग्रीन एप्पल होटल में आग से मची अफरा-तफरी

### ▶▶ किचन के बाहर शॉर्ट सर्किट से लगी आग
### ▶▶ स्वरूप प्लाजा में दुकानदारों में मचा हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** शहर के रुड़की रोड पर आज देर शाम ग्रीन एप्पल होटल में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग पर जल्दी ही काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद स्वरूप प्लाजा बिल्डिंग में अफरातफरी मची रही। दमकल द्वारा आग बुझा दिए जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

रुड़की रोड स्थित स्वरूप प्लाजा में स्थित ग्रीन एप्पल में आज देर शाम आग लग गई। बताया गया है कि होटल में किचन के बाहर आग लगी। आग लगने के बाद वहां मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने अपने पास उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। इसके साथ ही दमकल को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग को और अधिक फैलने से पहले ही काबू कर लिया गया। आग लगने के बाद स्वरूप प्लाजा के दुकानदार भी काफी देर तक घबराए रहे। हालांकि आग से बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ है। मामले को लेकर होटल के मालिक कपिल कुमार पुत्र शंकर लाल ने बताया कि आग किचन के बाहरी हिस्से में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और इस पर जल्द ही काबू कर लिया गया। इससे बहुत अधिक नुकसान होने से बच गया।




## स्ट्रीट डॉग को पीटने वाली महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** स्ट्रीट डॉग को निर्ममता से पीटने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर डॉग लवर्स ने शुक्रवार दोपहर पुलिस कार्यालय पहुंच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस कार्यालय पर पहुंची अनाया चौधरी ने आरोप लगाया कि 11 जुलाई को एक महिला ने मोहल्ले में रहने वाले एक स्ट्रीट डॉग को बुरी तरह पीटा और गंभीर हालत में कहीं फेंक दिया। उसने इसका विरोध किया तो महिला ने उसके साथ अभद्रता की और धमकी दी। अब भी उसे धमकियां दी जा रही हैं। घटना के संबंध में पहले चौकी पर भी तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वह पुलिस ऑफिस पहुंची और अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की।

## पिता की हत्या करके बेटा मेट्रो के आगे कूदा, रोक-टोक से नाराज था

**नोएडा, 14 अगस्त (एजेंसी)।** नोएडा में 16 साल के लड़के ने सोते समय पिता की हत्या कर दी। फिर मेट्रो के आगे कूदकर जान दे दी। वारदात के बाद उसने खून से सने कपड़े बदलकर साफ कपड़े पहने। कमरे में पिता की फोटो लगाई। माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कमरे में ताला लगाया और पिता का मोबाइल और बैग लेकर मेट्रो स्टेशन पहुंचा। कुछ देर स्टेशन पर घूमने के बाद ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। पुलिस को लड़के के बैग से पिता का मोबाइल और कमरे की चाबी मिली। पुलिस ने उसकी मां को फोन कर बुलाया। चाचा भी मौके पर साथ पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि नाबालिग पिता के साथ रहता था। पिता भी लापता हैं। इसके बाद पुलिस गुरुवार रात मां और चाचा को लेकर लड़के के कमरे पर पहुंची। चाबी से दरवाजा खोला तो अंदर 45 साल के पिता राजू शर्मा की लाश मिली। शुरूआती जांच में पता चला कि पिता ने बेटे के बाहर आने-जाने पर पाबंदी लगा रखी थी। 11वीं के बाद पढ़ाई भी छुड़ा दी थी। इससे वह परेशान रहता था। माना जा रहा है कि इसी वजह से उसने बुधवार 12 अगस्त को तड़के वारदात को अंजाम दिया। उसी दिन सुबह 7 बजे जाकर सुसाइड कर लिया। घटना फेज-3 थाना क्षेत्र की है। राजू शर्मा प्राइवेट टीचर थे। 12 साल पहले उनका पत्नी से तलाक हो गया था। बेटा पिता के साथ रहता था।

## युवती ने सोशल मीडिया पर किया पोस्टः मर्जी से शादी की है, सुरक्षा दो

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपनी मर्जी से शादी करने की बात कहते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल वीडियो में युवती आंचल धनगर ने दावा किया है कि उसने अपनी मर्जी से नगर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टिल्ला निवासी हिमांशु पुत्र अनिल



कुमार से 3 अगस्त को शादी कर ली है। उसने पुलिस-प्रशासन से खुद और पति की सुरक्षा की गुहार लगाई है। युवती का आरोप है कि परिजन उसकी इच्छा के खिलाफ एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति से उसकी शादी कराने की तैयारी कर रहे थे। उसने इस शादी का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद वह घर से निकल गई और अपनी मर्जी से हिमांशु के साथ शादी कर ली। आंचल का आरोप है कि परिजन उसकी शादी से नाराज हैं और शादी के बाद से उसे और उसके पति को परेशान कर रहे हैं। युवती ने दावा किया कि दोनों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है और झूठे मुकदमे में फंसाने की भी आशंका है। उसने पुलिस से मामले में हस्तक्षेप कर दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सनातन धर्म सभा भवन की शिकायत करने वाले अनुराग अग्रवाल को रजिस्टार का नोटिस, बोले- साक्ष्य करें पेश

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** सनातन धर्म सभा भवन शहर को अनुराग अग्रवाल 67/7, बाग केशोदास की शिकायत पर कालातित करने के सम्बन्ध में सनातन धर्म सभा द्वारा अपना पक्ष रखते हुए सहायक रजिस्टार फमर्स, सोसाइटीज तथा चिट्स सहारनपुर मंडल को बताया कि सिर्फ एक आदमी की शिकायत पर बिना कोई सनातन धर्म सभा भवन के पदाधिकारियों का जवाब लिये कालातित घोषित कर दिया गया। संस्था को सुनवाई का कोई मौका नहीं दिया गया, इसलिये उक्त आदेश में सनातन धर्म सभा भवन का पक्ष रखने की बात भी कही गयी। सनातन धर्म सभा भवन के पदाधिकारियों का कहना है कि उक्त व्यक्ति अनुराग अग्रवाल के पास क्या साक्ष्य है, वह रजिस्टार महोदय को अपने ही मंगवाकर रखने चाहिये थे। बिना तथ्यों को किसी भी कमेटी को इस तरह कालातित घोषित करना, वो भी बिना किसी मजबूत आधार के। अब सनातन धर्म सभा भवन की सुनवाई करते हुए तुरंत अनुराग अग्रवाल को नोटिस भेजकर सनातन धर्म सभा भवन पर लगाये गये आरोपों के ठोस सबूत मांगे गये हैं। अब देखना यह होगा कि शिकायतकर्ता अनुराग अग्रवाल द्वारा सदस्यता रसीदबुक, सदस्यता रजिस्टर, कैशबुक, बैंक पासबुक आदि पर जो सवाल उठाये गये हैं, वें उन्हें किस प्रकार साबित कर पाते हैं।

## सहारनपुर में सिपाही की पत्नी ने गर्दन में गोली मारकर जान दी

**सहारनपुर, 14 अगस्त (एजेंसी)।** शुक्रवार सुबह सिपाही की पत्नी ने सरकारी रायफल से खुद को गर्दन में गोली मार ली। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, महिला की पहचान सरिता (33) के रूप में हुई है। उसके पति टिंकू सिंह (37) पुलिस में सिपाही हैं। उनकी दो बेटियां हैं। परिवार मनीष कुमार के मकान में करीब 2 साल से किराए पर रह रहा था। जब सरिता ने सुसाइड किया, तब टिंकू सिंह दूसरे कमरे में दोनों बेटियों के साथ थे। सुसाइड की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। घटना के बाद दोनों बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामला सदर बाजार क्षेत्र के हकीकत नगर का है। पड़ोसियों के अनुसार, टिंकू सिंह (37) मेरठ के हस्तिनापुर के रहने वाले हैं। वह 2016 बैच के सिपाही हैं। वर्तमान में सहारनपुर में खनन विभाग की गार्द में तैनात हैं। सिपाही टिंकू की शादी मेरठ के कंकरखेड़ा की रहने वाली सरिता (33) से 2019 में हुई थी। टिंकू और सरिता की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी ज्योत्सना (5) और छोटी बेटी श्रद्धा (3) साल की है। टिंकू सिंह करीब तीन साल पहले ट्रांसफर होकर सहारनपुर आए थे। तभी से वह दो कमरों के किराए के मकान में पत्नी और बेटियों के साथ रह रहे थे। सरिता का भाई नवीन सिंह भी सहारनपुर में सब इंस्पेक्टर है। शुक्रवार सुबह टिंकू सिंह ने शराब पी रखी थी। वह दोनों बेटियों के साथ दूसरे कमरे में थे। करीब 11 बजे दूसरे कमरे से गोली चलने की आवाज आई। टिंकू तुरंत कमरे में पहुंचे। वहां सरिता फर्श पर खून से लथपथ पड़ी थीं। उनके पास रायफल पड़ी थी। दोनों बेटियां भी गोली की आवाज सुनकर कमरे के पास पहुंच गईं। टिंकू ने उन्हें दूर से ही बाहर जाने के लिए कहा। इसके बाद दोनों बेटियां कमरे से बाहर चली गईं। कुछ देर बाद टिंकू ने अपने मामा के बेटे को फोन कर बताया कि सरिता ने खुद को गोली मार ली है। गोली चलने की आवाज सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सदर बाजार पुलिस टीम मौके पर पहुंची। डीआईजी अभिषेक सिंह और एसएसपी अभिनंदन सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

## ढाई घंटे बंद रहेगा दिल्ली-शाहदरा ट्रैक, कई के रूट बदले-कई चलेंगी लेट

**नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए शनिवार को दिल्ली जंक्शन और दिल्ली शाहदरा जंक्शन के बीच रेल यातायात करीब ढाई घंटे अस्थायी रूप से बंद रहेगा। सुबह 6:45 बजे से 9 बजे तक इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन नहीं होगा। इस कारण कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं। रेलवे के अनुसार, चार ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह रद्द रहेगा। इनमें 74021 दिल्ली जंक्शन-सहारनपुर डीएमयू, 74024 सहारनपुर-दिल्ली जंक्शन डीएमयू, 54058 शामली-दिल्ली जंक्शन डीएमयू और 64417 गाजियाबाद-दिल्ली जंक्शन मेमू शामिल हैं। रेलखंड बंद रहने के दौरान तीन ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग से चलाया जाएगा। 64414 दिल्ली जंक्शन-गाजियाबाद ईएमयू नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद होकर चलेगी। वहीं 64111 खुर्जा जंक्शन-शकूरबस्ती ईएमयू साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली किशनगंज होकर जाएगी। 64567 बुलंदशहर-तिलक ब्रिज को भी साहिबाबाद-तिलक ब्रिज होकर चलाया जाएगा। 64402 दिल्ली जंक्शन-साहिबाबाद ट्रेन नई दिल्ली से शुरू होगी और नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद होकर चलेगी। इसकी लिंक ट्रेन 64437 गाजियाबाद-दिल्ली जंक्शन को नई दिल्ली में ही समाप्त किया जाएगा। 64152 दिल्ली जंक्शन-अलीगढ़ मेमू गाजियाबाद से शुरू होगी और दिल्ली जंक्शन से गाजियाबाद के बीच रद्द रहेगी। 64022 सहारनपुर-दिल्ली जंक्शन मेमू दिल्ली शाहदरा में समाप्त होगी। इसी तरह 64025 दिल्ली जंक्शन-शामली मेमू दिल्ली शाहदरा से शुरू होगी और दिल्ली जंक्शन से दिल्ली शाहदरा के बीच नहीं चलेगी। 64558 हरिद्वार-दिल्ली जंक्शन को भी दिल्ली शाहदरा में ही समाप्त किया जाएगा। जबकि 18310 जम्मूतवी-संबलपुर जंक्शन को दिल्ली जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था समाप्त होने तक नियंत्रित किया जाएगा। 15910 लालगढ़ जंक्शन-डिब्रूगढ़ ट्रेन को भी दिल्ली जंक्शन पर रोका जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के कारण कुछ ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है। 12038 दिल्ली जंक्शन-सिद्धबली जनशताब्दी 15 अगस्त को सुबह 7:15 बजे के बजाय 9:10 बजे रवाना होगी। 15484 दिल्ली जंक्शन-अलीपुरद्वार जंक्शन भी सुबह 7:51 बजे के बजाय 9:20 बजे रवाना होगी। इसके अलावा 12225 आजमगढ़-दिल्ली जंक्शन ट्रेन 14 अगस्त को आजमगढ़ से 90 मिनट देरी से चलेगी। 14342 मसूरी एक्सप्रेस भी 14 अगस्त को देहरादून से 90 मिनट देरी से रवाना होगी।

## अंसारी रोड पर स्कूटी धूं-धूंकर जली, मचा हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** अंसारी रोड पर शुक्रवार रात चलती स्कूटी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की बात पता चलते ही स्कूटी पर सवार दंपती ने कूदकर जान बचाई। देखते ही देखते स्कूटी आग का गोला बन गई और पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। बताया गया है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में साकेत निवासी अमित कुमार अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से बाजार जा रहे थे। जैसे ही दोनों साकेत कॉलोनी से अंसारी रोड की ओर जाने वाली गली में पहुंचे तो पीछे से आ रहे एक सिपाही की नजर स्कूटी से निकल रहे धुएं पर पड़ी। सिपाही ने तत्काल अमित को इसकी जानकारी दी। धुआं देखकर अमित कुमार और उनकी पत्नी तुरंत उससे कूद कर हट गए। इसके बाद स्कूटी धू-धूकर जलने लगी। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब तक स्कूटी पूरी तरह जलकर ढांचा बन चुकी थी। आग किस वजह से लगी, फिलहाल इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।



## सहारनपुर डीआईजी के नाम से बनाया फर्जी फेसबुक एकाउंट : फोटो और नाम का गलत इस्तेमाल किया

सहारनपुर, 14 अगस्त (एजेंसी)। सहारनपुर परिक्षेत्र के डीआईजी अभिषेक सिंह के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर किसी ने फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बना ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस को सोशल मीडिया की निगरानी के दौरान इसका पता चला। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम थाने के सब इंस्पेक्टर आशीष चौधरी फेसबुक की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान डीआईजी के नाम और फोटो वाली प्रोफाइल मिली। प्रोफाइल इस तरह बनाई गई थी कि लोग इसे डीआईजी की असली फेसबुक आईडी समझ सकते थे। पुलिस ने फर्जी प्रोफाइल का लिंक भी मुकदमे में शामिल किया है। पुलिस को आशंका है कि फर्जी प्रोफाइल के जरिए लोगों से पैसे मांगे जा सकते हैं। इसके अलावा किसी को गलत या भ्रामक संदेश भेजकर ठगी करने की कोशिश भी हो सकती है। पुलिस के मुताबिक, वरिष्ठ अधिकारी की पहचान का गलत इस्तेमाल होने से उनकी छवि और पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है। सब इंस्पेक्टर की तहरीर पर 13 अगस्त को साइबर क्राइम थाना सहारनपुर में केस दर्ज किया गया। पुलिस अब पता लगा रही है कि प्रोफाइल किसने बनाई, कब बनाई गई और इसके जरिए किसी से संपर्क या ठगी की गई या नहीं। साइबर टीम प्रोफाइल से जुड़ी तकनीकी जानकारी और डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है। पुलिस ने लोगों से कहा है कि सोशल मीडिया पर किसी अधिकारी के नाम और फोटो वाली प्रोफाइल देखकर तुरंत भरोसा न करें। अगर किसी प्रोफाइल से पैसे मांगे जाएं या संदिग्ध संदेश आए, तो पहले संबंधित अधिकारी या पुलिस से इसकी पुष्टि करें।






# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पुलिस ने दी श्रद्धांजलि



**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर गुरुवार को मुजफ्फरनगर पुलिस कार्यालय और सिविल लाइन थाने में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व एसपी ग्रामीण अक्षय संजय महादिक ने किया। उन्होंने कहा कि देश का विभाजन एक ऐसी भीषण त्रासदी थी, जिसने लाखों परिवारों को सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और मानसिक रूप से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के समय हुआ विभाजन इतिहास में आज भी एक गहरे जख्म के रूप में दर्ज है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें उस त्रासदी से सीख लेने का अवसर देता है। एसपी ग्रामीण ने कहा कि समाज से भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना को दूर कर आपसी एकता, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करना ही इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कार्यालय में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर विभाजन में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात नगर राधा रमण समेत कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सिविल लाइन थाने में भी थाना प्रभारी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। पुलिसकर्मियों ने विभाजन की त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को याद किया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गैस सिलेंडर से भड़की आग ने लाखों का सामान किया स्वाह







**भोपा, 14 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद में रसोई में रखे गैस सिलेंडर में भयंकर आग लगने से परिवार में भगदड़ मच गई। देखते ही देखते भीषण आग घर मे चारों ओर फैल गयी और लाखों का सामान जलकर स्वाह हो गया। किसी तरह ग्रामीणों द्वारा जलते गैस सिलेंडर को उठाकर नजदीक के ही तालाब में फेंका गया, जिसके बाद घर में लगी आग पर किसी तरह काबू पाया गया। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद निवासी मुकर्रम अली ने बताया कि उसके घर में अंसार अली, लियाकत अली तथा उस खुद का परिवार निवास करता है। शुक्रवार को जुमें की नमाज के बाद उसकी बड़ी भाभी सलमाना पत्नी अंसार अली रसोई में खाना बनाने के बाद गैस चूल्हे पर दूध गर्म कर रही थी, तभी अचानक गैस सिलेंडर से लपटे उठने लगी और रसोई में आग लग गई। रसोई में आग लगती देख सलमाना ने शोर मचा दिया, जिसके बाद घर के सभी सदस्य मौके पर आ गए और सिलेंडर में लगी आग को देखकर घबरा गए। रसोई में लगी आग धीरे-धीरे घर के कमरों में पहुंच गई और कमरों मे रखे सामान को अपने चपेट में लेते हुए फेंलने लगी, तभी किसी ग्रामीण ने साहस का परिचय देते हुए किसी तरह सिलेंडर को बाहर खींच लिया गया और उसे गांव के नजदीक स्थित तालाब में फेंका गया। मुकर्रम ने बताया कि तालाब में भी कपड़ा आदि डालकर सिलेंडर की आग को किसी तरह बुझाया गया। आग लगने से घर में रखा रेफ्रिजरेटर, अलमारी, आठ क्विंटल गेंहू सहित बड़ी मात्रा में अन्य खाद्य सामग्री और लगभग तीन लाख का सामान जलकर राख हो गया। मुकर्रम ने बताया कि आग लगने के दौरान परिवार में सलमाना के अलावा निशा परवीन वकील परवीन रकीब अली शाहे परवीन, फलक नाज, हम्माद, आहद, अलफाज, जुनेरा, शाहेनिदा, मोहम्मद खुशहाल, शाहेफिजा आदि मौजूद थे, जो किसी तरह समय रहते घर से बाहर निकल गए, जिसके चलते कोई भी जनहानि नहीं हुई है।




# बारिश के बीच मनेगा स्वतंत्रता दिवस

## शहर में सुबह के समय बरसा 17.3 मिमी पानी

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** मॉनसून के मौसम में आज सुबह शहर में थोड़े समय के लिए ही सही जमकर पानी बरसा। थोड़ी देर में ही 17.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। नगर में तापमान अधिकतम 28.8 और न्यूनतम 25.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को स्वतंत्रता दिवस पर भी जमकर बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

गुरुवार को खामोशी के बाद शुक्रवार को सुबह लोग सोकर उठे तो शहर बारिश में भीगा हुआ था। इस दौरान जमकर बारिश के चलते तमाम स्थानों पर जल भराव की स्थिति नजर आई। हालांकि बारिश रुकने के बाद स्थिति जल्द ही काबू में आ गई। शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज खुशगवार रहा। हालांकि उमस ने लोगों को परेशान किया। इसके बाद दिन भर बादल तो रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार को दिल्ली-एनसीआर में बारिश होने की 60-70 फीसदी तक संभावना जताई है। दोपहर बाद भी रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में बारिश की मुख्य वजह इस समय सक्रिय मानसून ट्रफ है। वहीं पूर्व-पश्चिम दिशा में बनी मौसमी प्रणाली फिलहाल दिल्ली के करीब है, इस कारण से बारिश का दौर जारी है। जब मानसून ट्रफ की स्थिति में बदलाव होगा तब बारिश गतिविधियों के हल्के पड़ने की संभावना है।



















**बेदखली-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र दीपक व उसकी पत्नी सलोनी निवासी सुभाषनगर, निकट रेलवे सरवट फाटक, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं तथा दोनों मेरे व मेरे परिवार से अलग मेरे ही मकान में रहते हैं। उनके द्वारा किये गए अच्छे-बुरे कार्यों का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे। मैं अपने पुत्र दीपक व उसकी पत्नी सलोनी को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ।

**राजकुमार पुत्र स्व. गुलाब सिंह**
निवासी-सुभाषनगर, निकट सरवट रेलवे फाटक, गांधी कॉलोनी, थाना-नई मण्डी, जिला-मुजफ्फरनगर
मो. : 9536291278

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या-14558, दिनांक 16-12-2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरे पुत्री का वास्तविक नाम **फातिमा गुलजार** है। पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**रुबीना**
निवासी-त्यागी चौक, सरवट, मुजफ्फरनगर
मो. 7300590501










आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
मौ0 अकरम
चेयरमैन, नगर पंचायत, शाहपुर


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
कपिल चौधरी
युवा समाज सेवी, शाहपुर


नेशनल प्रॉपर्टी डीलर्स शाहपुर
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
हाजी शाहिद त्यागी
प्रमुख समाजसेवी, शाहपुर
हाजी अकरम कुरैशी
अध्यक्ष, नगर पंचायत, शाहपुर
15 AUG
HAPPY INDEPENDENCE DAY
तौहिद त्यागी
युवा समाज सेवी, शाहपुर
नेशनल प्रॉपर्टी डीलर्स, शाहपुर
हाजी मुरसलीन राईन
पूर्व प्रधान, ग्राम- बसी कलां


नगर पंचायत, शाहपुर की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आलोक रंजन
अधिशासी अधिकारी
समस्त सभासद एवं कर्मचारीगण
मौ. अकरम
चेयरमैन नगर पंचायत, शाहपुर


समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सतेन्द्र पाल
प्रदेश उपाध्यक्ष, समाजवादी शिक्षक सभा, उ.प्र.
वरिष्ठ सपा नेता, बुढ़ाना विधान सभा-11
निवास -
कल्पना चावला मैमोरियल इण्टर कॉलेज, शाहपुर


THE SKYLAND SCHOOL
THE SKYLAND School
Budhana Road, Shahpur
Affiliated with CBSE 10+2
स्काईलैंड स्कूल
की ओर से
सभी नगरवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
India
राहुल गोयल
(प्रबन्धक)
मनोज गोयल
(प्रधानाचार्य)


आप सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमेश सैनी
जिला मंत्री, भाजपा, मुजफ्फरनगर
पूर्व चेयरमैन, नगर पंचायत, शाहपुर


आप सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रुबी सैनी
वरिष्ठ भाजपा नेत्री, शाहपुर



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## रचनात्मक कांग्रेस कन्वेंशन पर सवाल

दिल्ली के संविधान क्लब में रचनात्मक कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन में मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने शिरकत की तथा शिक्षा, सामाजिक न्याय, बेरोजगारी और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में जो कुछ हुआ, उस पर बहुत सवाल उठ रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर और राजनेता लगातार सवाल उठा रहे हैं। रचनात्मक कांग्रेस के अध्यक्ष हैं, दिल्ली की पूर्व मुख्यमन्त्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित। संदीप दीक्षित और राहुल गांधी ने इस कार्यक्रम में जो कुछ किया उसके बड़ी आलोचना हो रही है। लोग कह रहे हैं कि क्या यही है कांग्रेस की रचनात्मकता? राहुल ने इस कार्यक्रम में जब से प्रधानमन्त्री और गृहमन्त्री पर टिप्पणियां की हैं, तभी से उनकी आलोचना हो रही है। इस कार्यक्रम के अंश सोशल मीडिया पर चल रहे हैं और लोग कांग्रेस और राहुल गांधी को ट्रोल कर रहे हैं। राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और उनकी नीतियों पर तीखे हमले किए। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा। इस दौरान मंच पर ऐसा भी कुछ हुआ, जिसकी काफी चर्चा हो रही है और भारतीय जनता पार्टी इसे लेकर कांग्रेस पर हमलावर है और उस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगा रही है। राहुल गांधी ने सरकार की विदेश नीति पर तंज कसा। राहुल गांधी ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि आप अपने दोस्त के घर नहीं जा रहे हो। हिन्दुस्तान का प्रधानमन्त्री दोस्ती करने नहीं जाता। उसका काम देश की रक्षा करना होता है। इनके दिमाग में पता नहीं कहां से घुस गया कि वो मेरा दोस्त है और ये गले लगने लगते हैं। इस पर एक यूजर ने कहा कि आप जब विदेश जाते हो और कहते हो कि आप भारत आइये, वहाँ लोकतंत्र खत्म हो गया है, तब आप क्या करते हैं? राहुल गांधी ने मंच पर मौजूद कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित को जोर से गले लगाया और कहा कि मोदी जी को लगता है कि विदेश नीति का मतलब यही होता है। इसके बाद संदीप दीक्षित ने राहुल गांधी को टोककर इटली की पीएम मेलोनी का ज़िक्र कर दिया। इस बात पर भारतीय जनता पार्टी सहित लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। असम के मुख्यमन्त्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस का वंशवादी नेतृत्व एक बार फिर शालीनता की सारी हदें पार कर गया है। एक मित्र देश का नेतृत्व करने वाली महिला राष्ट्राध्यक्ष के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, जबकि मंच और दर्शकों में मौजूद महिलाएं भी इस पर हंसती नजर आईं। यह सिर्फ. राजनीतिक शालीनता का उल्लंघन नहीं है, बल्कि भारत के विदेश संबंधों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी है, जब महिलाओं के प्रति अनादर मनोरंजन का जरिया बन जाए, तो यह उस संस्कृति के बारे में बहुत कुछ कहता है, जिसे बढ़ावा दिया जा रहा है, यह शर्मनाक है, निंदनीय है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानति श्रीनिवासन ने लिखा, आलोचना करना हर राजनीतिक दल का अधिकार है, लेकिन महिलाओं का अपमान करना और सार्वजनिक जीवन को भद्दे मजाक तक सीमित कर देना सही नहीं है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और इटली की प्रधानमन्त्री जॉर्जिया मेलोनी का मजाक उड़ाना, जबकि कांग्रेस के नेता साथ में हंस रहे हों, राजनीतिक परिपक्वता की गंभीर कमी को दिखाता है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने राहुल गांधी के बयान को गरिमाहीन और अभद्र बताया और कहा कि वो कॉमेडियन की तरह बर्ताव कर रहे हैं। इस घटना पर सोशल मीडिया में भी काफी चर्चा हो रही है और लोग राहुल गांधी और संदीप दीक्षित पर खुलकर अपनी राय रख रहे हैं। एक महिला यूजर ने लिखा, मेलोनी वाले मामले की दरारें दिखाती हैं कि राजनीतिक कद किसी महिला को स्त्री-विरोधी सोच से नहीं बचाता, आप जी 7 देश में से किसी देश की प्रधानमन्त्री हो सकती हैं और फिर भी आपको यौन नजरिए से देखा जा सकता है और किसी असंबंधित राजनीतिक हमले में घसीटा जा सकता है। सत्ता किसी महिला का पद तो बदल सकती है, लेकिन जिस नजरिए से उसे देखा जाता है, उसे अब भी नहीं बदल पाती। एक अन्य महिला ने लिखा, संदीप दीक्षित ! आपकी मां और दिवंगत शीला दीक्षित एक ऐसी महिला नेता थीं, जिनका सभी सम्मान करते थे। मेलोनी के बारे में आपने जिस तरह की स्त्री-विरोधी और सेक्सिस्ट टिप्पणी की, वह बेहद आपत्तिजनक है और राजनीति में इसकी कोई जगह नहीं होनी चाहिए। इससे बेहतर व्यवहार की उम्मीद है। एक यूजर ने संदीप दीक्षित की आलोचना करते हुए लिखा कि कांग्रेस के एक कार्यक्रम में मोदी-मेलोनी पर की गई टिप्पणी पूरी तरह टाली जा सकती थी और बेहद खराब स्वाद वाली थी। गंभीर राजनीति को मीम या इंस्टाग्राम रील तक सीमित नहीं किया जा सकता। एक वक्ता ने एक न्यूज डिबेट में कहा कि संदीप दीक्षित ने जो कहा वो निंदनीय है। मैं संदीप दीक्षित को जानता हूं वो अच्छे इंसान हैं, लेकिन उन्होंने जो कहा वो बिलकुल निंदनीय है। शर्मनाक है। सरकार या विपक्ष को ऐसे रिमार्क करते हुए सावधान रहना चाहिए, क्योंकि इससे विदेश नीति पर बुरा असर पड़ सकता है। एक अन्य ट्विटर यूजर ने लिखा कि राहुल गांधी का गले मिलने वाला मजाक सही जा रहा था। फिर संदीप दीक्षित ने मेलोनी को लेकर इसे एक अशोभनीय मजाक में बदल दिया। यही वजह है कि स्टैंड-अप आम तौर पर एक ही कॉमेडियन का काम होता है। कॉमेडी की जोड़ियां भी रही हैं, लेकिन उनके लिए बेहतरीन टाइमिंग और तालमेल की जरूरत होती है। मेरी सलाह है कि पहले रिहर्सल कर लिया करें। आरजेडी सांसद मनोज झा ने भी रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि दीक्षित की टिप्पणी को स्वीकार करना मुश्किल है। मनोज झा ने कहा, मुद्दा सिर्फ.किसी राष्ट्राध्यक्ष का नहीं है। किसी भी महिला को आपकी टिप्पणी की वजह से मजाक का विषय बनाना गलत है। हम सिर्फ. बीजेपी के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि भाषा और सार्वजनिक संवाद की गरिमा के लिए भी लड़ रहे हैं। अगर विपक्ष की तरफ से इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल होने लगे, तो यह सार्वजनिक जीवन में बनाए रखने वाले मानकों के विरुद्ध है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल के बयान पर कड़ी नाराजगी जताई है और कहा है कि उनकी टिप्पणी बेहद ओछी और निंदनीय है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'इज्जत' 'भाषण' 'सियासत' 'पर'

इज्जत पे चोट लगती, फिर भी न डर रहे हैं।
भाषण के साथ नेता, नाटक भी कर रहे हैं।
बहकी हुई सियासत, गिरती ही जा रही है,
उड़ते कभी थे ऊँचे, उनके न पर रहे हैं।







# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस : पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने विभाजन पीड़ितों के साहस और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को किया नमन

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आज नगर की गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका में एक विचार संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा उपस्थित रहे। इस अवसर पर वर्ष 1947 के भारत विभाजन के दौरान विस्थापन, हिंसा और असहनीय पीड़ा का सामना करने वाले लाखों परिवारों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा, वीरपाल निर्वाल, पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला प्रभारी सूर्य प्रकाश पाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल एवं सुनील दर्शन सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। संगोष्ठी के उपरांत विभाजन की विभीषिका में अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों की स्मृति में एक मौन श्रद्धांजलि जुलूस निकाला गया। जुलूस में विभाजन प्रभावित परिवारों के सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक हाथों में संदेश लिखी तख्तियाँ लेकर शांतिपूर्वक शामिल हुए। पूरे वातावरण में राष्ट्रभक्ति, संवेदना और एकता का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।अपने संबोधन में पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस केवल इतिहास की एक त्रासदी को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों के अदम्य साहस, संघर्ष और आत्मबल को नमन करने का दिवस है, जिन्होंने अपार पीड़ा सहने के बावजूद जीवन को पुनः स्थापित किया और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 का विभाजन भारतीय इतिहास का अत्यंत दुखद अध्याय है, जिसने लाखों परिवारों को बिखेर दिया। असंख्य लोगों ने अपने घर, भूमि, संपत्ति और प्रियजनों को खोया तथा अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी, बल्कि नए सिरे से अपने जीवन का निर्माण कर देश की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उन्नति में अमूल्य योगदान दिया। उनका संघर्ष आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सुरेश राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें इतिहास की उन त्रासद घटनाओं से सीख लेने और भविष्य में सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को और अधिक मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि समाज में सद्भाव, भाईचारा और आपसी विश्वास की भावना को सुदृढ़ करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने विभाजन की भयावह परिस्थितियों से उबरकर अपने परिश्रम, साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सभी विभाजन पीड़ितों एवं उनके परिवारों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस अवसर पर पीड़ितों के परिवार वालों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष, धैर्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्रोत रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं नागरिकों ने विभाजन की विभीषिका में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय गर्ग, शरद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष स्वेता कौशिक, अंजलि चौधरी, विशाल गर्ग, जिलामंत्री ममता अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आँचल तोमर, गीता जैन, सुनील दर्शन, पुरुषोत्तम गौतम, राजीव गुर्जर, विजय शुक्ला, दीपक मित्तल, श्रीमोहन तायल, प्रवीण खेडा, अमित शास्त्री, नन्द किशोर पाल, पावन छाबड़ा, प्रेमी छाबड़ा, अमित पटपटिया, राधे वर्मा, रेखा वर्मा, पंकज महेश्वरी कुशवेंद्र तोमर आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसडी लॉ में देशभक्ति का संदेश दिया गया

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर वन्दे मातरम का गान करते हुए देशभक्ति नारों के साथ राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति गौरव की भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता को फोटोग्राफ एवं वीडियो के माध्यम से रिकॉर्ड किया गया। विद्यार्थियों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह एवं उमंग दिखाई दी। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं स्वतंत्रता दिवस के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम से संबंधित फोटोग्राफ एवं वीडियो प्रमाण के रूप में संलग्न किए जा रहे हैं। शासनादेश में भी अभियान के अंतर्गत व्यापक जनभागीदारी एवं तिरंगा संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया गया है। कॉलेज स्टाफ से डॉ. मुकुल गुप्त, डॉ. अमित चौहान, डॉ. प्रीति चौहान, छवि जैन, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, डॉ. अभिनव गोयल, अनिता सिंह, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, अमित भारद्वाज, प्रीती दीक्षित, विपुल कुमार, डॉ. दीपक मलिक, उमेशचंद त्रिपाठी, शुभम सिंघल एवं मोहम्मद आमिर आदि उपस्थित रहे।




## रेलवे स्टेशन-बस अड्डे से बाजारों तक चला सघन चैकिंग अभियान

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। शुक्रवार को शहर में पुलिस फोर्स को अलर्ट मोड पर रखते हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। एसपी सिटी अमृत जैन के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स ने सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर आने-जाने वाले यात्रियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में भी संदिग्ध व्यक्तियों और सामान की जांच की। बाजारों में पुलिसकर्मियों ने पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। सुरक्षा अभियान में बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड भी शामिल रहा। टीमों ने सार्वजनिक स्थानों, पार्किंग क्षेत्रों और आसपास के इलाकों की बारीकी से जांच की। वाहनों की पार्किंग और संदिग्ध वस्तुओं की भी पड़ताल की गई। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पुलिस संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रख रही है। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तत्काल कार्रवाई करने और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं। पुलिस का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस समारोह को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराना है। इसके लिए शहर में चैकिंग, पैदल गश्त और निगरानी का अभियान आगे भी जारी रहने की संभावना है।












सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अजय कपूर
मनीष कपूर
MEENU PAPER MILLS PRIVATE LIMITED.
9.5 KM Bhopa Road Muzaffarnagar 251001 (U.P.)


आप सभी नगरवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
Jai Hind
पीयूष अग्रवाल
मुदित अग्रवाल
दीप अग्रवाल
ममता अग्रवाल
MOOLCHAND RESORTS